न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी रोहित कुमार आर. ए.एस

मुकदमा नंबर 137 / 2020

सरकार बनाम 1. सरकार तहसीलदार पचपदरा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

आदेश दिनांकः– 15.09.2020

पत्रावली आज पेश हुई। तहसीलदार पचपदरा ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू– राजस्व अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत किया कि ग्राम वरिया वरेचा पटवार क्षेत्र सिणली जागीर का खसरा न 140 रकबा 53.09 बीघा किस्म गै0 मु0 रडी चालू जमाबंदी के सरकारी खाता मे पहाडी तथा पर्वत (चारागाह हेतु) शीर्ष में दर्ज है । उक्त सेटलमेंट 'बिला कब्जा मुमकिन' सरकारी खाता में किस्म 'बारानी दोयम' दर्ज है। तथा जमाबंदी सवंत 2019–2022 में भी खाता स0 1 में किस्म बा0 दोयम (द) बंजड दर्ज है। जमाबंदी संवत 2023–26 तहरीर करते समय लिपिकीय त्रुटिवंश किस्म बा0 दोयम से गै0 मु0 रडी दर्ज हो गया जो आदिनांक तक दर्ज है। सवंत 2059–62 की जमाबंदी बनाते समय खाता सं0 1 में पहाड व पहाडियों के साथ कोष्ठक में 'चारागाह हेतु' दर्ज हो गया जो आदिनांक दर्ज है। अतः प्रविष्टि लिपिकीय त्रुटिवंश दर्ज किस्म गै0 मु0 रडी से शुद्व कर बा0 दोयम तथा 'चारागाह हेतु ' प्रविष्ट कर दिया है जो त्रुटिपूर्ण इन्द्राज है। इस त्रुटिपूर्ण की गई प्रविष्टी को दुरूस्त करने हेतु निवेदन किया है।

उपस्थित सरकारी पैरोकार को सुना। पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व अध्ययन किया। बाद गौर तहसीलदार पचपदरा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार करना न्यायोचित होने से ग्राम वरिया वरेचा पटवार क्षेत्र सिणली जागीर का खसरा न 140 रकबा 53.09 बीघा की सबंधित जमाबंदी के इन्द्राज प्रविष्टी गै0 मु0 रडी से शुद्व कर बा0 दोयम तथा 'चारागह हेतु' को हटाया जाने का आदेश देना न्यायोचित है।

सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner

अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को आदेशित किया जाता है कि ग्राम वरिया वरेचा पटवार क्षेत्र सिणली जागीर का खसरा न 140 रकबा 53.09 बीघा जमाबंदी के इन्द्राज प्रविष्टी गै0 मु0 रडी से शुद्व कर बा0 दोयम तथा 'चारागह हेतु' हटाकर इन्द्राज पूर्व की भांति बिला कब्जा मुमकिन दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है तथा इस प्रकार अमल दरामद करने के आदेश प्रदान किये जाते है।

पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो ।

आदेश खुले न्यायालय मे दिनांक 15.09.2020 को सुनाया गया ।

(रोहित कुमार)

सहायक कलेक्टर

(S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner